राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

बिहार लोक भवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–92/2026

राज्यपाल ने ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा की गतिविधियों की समीक्षा की

पटना 25 मई, 2026 :– माननीय राज्यपाल–सह–कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने बिहार लोक भवन में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा की विभिन्न शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं अन्य गतिविधियों की समीक्षा करते हुए निदेश दिया कि विश्वविद्यालयों में फ्रेंच, जर्मन, स्पेनिश आदि विदेशी भाषाओं की पढ़ाई की समुचित व्यवस्था की जाए तथा पाठ्यक्रमों को ससमय पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि विदेशी भाषाओं से संबंधित क्षेत्रों में रोजगार एवं करियर की व्यापक संभावनाएँ हैं तथा इनकी मांग लगातार बढ़ रही है। राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थियों को सेना में अधिकारी के रूप में सेवा देने हेतु जागरूक किया जाना चाहिए। इसके लिए छात्राओं को भी प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

बैठक में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय द्वारा समर्थ पोर्टल के मॉड्यूल्स को लागू करने के प्रयासों की सराहना की गई। विश्वविद्यालय ने 10 आवश्यक मॉड्यूल्स को लागू किया है।

बैठक में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार सिंह, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो० संजय कुमार चौधरी तथा अन्य पदाधिकारीगण, उच्च शिक्षा विभाग के निदेशक प्रो० एन०के० अग्रवाल, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....